तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026



4 गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत ओटेबन्द में भाजपा ...



2 अरमरीकला स्कूल में शिक्षक सम्मान व पूर्व छात्र ...







छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


# 48 समाज को एक मंच पर लाना एकता की मिसाल, संगठन की मजबूती पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में सर्व समाज समरसता समिति की पहल एक बार फिर सामाजिक एकजुटता की दिशा में मील का पत्थर साबित होती नजर आ रही है। शहर के जालाराम बापा मंदिर में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आपसी समन्वय, भाईचारे और संगठन विस्तार पर गंभीर चर्चा की।

बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि शहर के 48 समाजों को एक मंच पर लाकर एक सशक्त और समरस सामाजिक ढांचा तैयार किया जाएगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में आयोजित भारतीय नववर्ष समारोह की समीक्षा करना था, जिसमें कार्यक्रम की सफलता के साथ-साथ सामने आई कमियों पर भी खुलकर चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष पूरोबी वर्मा ने स्पष्ट कहा कि संगठन की मजबूती के लिए आत्ममंथन जरूरी है और जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें दूर कर भविष्य के आयोजनों को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने सभी समाजों से सहयोग और सक्रिय भागीदारी की अपील की। पत्रकारों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक ने पारदर्शिता और जवाबदेही का संदेश भी दिया। अंत में यह संकल्प लिया गया कि सर्व समाज समरसता समिति आगे भी इसी तरह समाज के हर वर्ग को जोड़ते हुए एक मजबूत, समरस और जागरूक दल्लीराजहरा के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

## सामाजिक समन्वय बढ़ाने समाजों की सहभागिता पर जोर



### सामाजिक समरसता ही शहर के विकास की असली ताकत

बैठक में मौजूद विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। अशोक लोहिया ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर सभी समाजों को एक साथ जोड़ना शहर के सामाजिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे आपसी सद्भाव और विश्वास और मजबूत होगा। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि सामाजिक समरसता ही शहर के विकास की असली ताकत है और इस तरह के प्रयास निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव लाएंगे। अन्य पदाधिकारियों और उपस्थित नागरिकों ने भी समिति के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि 48 समाजों का एक मंच पर आना न केवल आपसी संवाद को बढ़ावा देगा, बल्कि सामाजिक कार्यक्रमों को भी नई दिशा और ऊर्जा देगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को शामिल करने और नियमित बैठकें आयोजित करने पर भी जोर दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### कुसुमकसा में शराब का स्टॉक खत्म, प्रेमी परेशान

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा। शासकीय देशी शराब दुकान कुसुमकसा में पिछले तीन दिनों से देशी शराब का स्टॉक समाप्त होने से मदिरा प्रेमियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। दुकान में शोले, शेरा, रोमियो, यूनिक ब्रांड सहित मसाला पव्वा और अद्धी बोतल उपलब्ध नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मदिरा प्रेमियों ने बताया कि पहले दुकान में पर्याप्त स्टॉक रहता था, लेकिन सप्लाई बंद होने के कारण अब शराब उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह सीजन शुरू होने से मांग और बढ़ गई है। देशी शराब नहीं मिलने पर लोगों को मजबूरी में अंग्रेजी शराब अधिक दामों में खरीदनी पड़ रही है। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी योगेश्वर द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने और नीति स्तर पर बदलाव के कारण प्रदाय कंपनी द्वारा आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे गोदाम भी खाली हैं। ऊपर से सप्लाई मिलते ही जल्द उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### युवक से गाली गलौज व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज



**बालोद।** पड़ोसी के द्वारा गाली गलौज व मारपीट किए जाने के बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा पड़ोसी के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज किया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 333 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बागतराई निवासी अवेन्द्र मण्डावी ने पुलिस को बताया कि मेरा पड़ोसी परमानंद राणा पिता यशवंत राणा द्वारा मेरे घर के सामने गाली गलौच कर मारपीट किया तथा मेरा घर का खिड़की एवं दरवाजा तोड़ कर घर में घूस कर घर के सामान को तोड़ फोड़ किया तथा हसिया से मारने के लिये दौड़ाया जिससे जान बचाकर घर के छत से कुदकर पड़ोसी के घर भागकर अपनी जान बचाया।

### मोटर सायकिल की ठोकर से बच्चा घायल

**बालोद।** सड़क पार कर रहे बच्चे को मोटर साईकिल ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद पीड़ित परिजनो ने मोटर साईकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम गिधवा चौकी पिनकापार थाना देवरी निवासी महेश देवांगन ने पुलिस को बताया कि मेरा नाती लक्ष्य देवांगन 07 वर्ष जो मकान से रोड पार कर रहा था। उसी समय ग्राम पिनकापार टेलर दुकान के सामने मेन रोड पर मोटर साईकिल सी.जी. 11 सीके. 7633 का चालक ग्राम सिब्दी निवासी टेकराम साहू जो ग्राम जेवरतला तरफ से ग्राम पिनकापार की ओर आ रहा था, ने मेरा नाती लक्ष्य देवांगन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे मेरा नाती लक्ष्य देवांगन के सिर में पीछे तरफ, बायां पैर में एंडी के उपर, चेहरा में बायां तरफ, आंख के पास, होंठ में चोंट आया है। एक्सीडेंट होने के बाद मेरा नाती लक्ष्य देवांगन को मेरा लडका और बहु ईलाज कराने राजनांदगांव लेकर गये हैं।

## बैठक

### योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

■ जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारियों पर चर्चा

बैठक में उन्होंने भारत सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के कार्यक्षमता, जवाबदेही एवं नागरिक केंद्रित सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 'आईगोट कर्मयोगी' पोर्टल में अपने अधीनस्थ सभी अधिकारी–कर्मचारियों के ऑनबोर्डिंग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने 'आईगोट कर्मयोगी' पोर्टल में विभागवार ऑनबोर्डिंग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ सभी अधिकारी–कर्मचारियों का शीघ्र ऑनबोर्डिंग कराने के निर्देश दिए। मिश्रा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी–कर्मचारियों को 15 अप्रैल तक 'आईगोट कर्मयोगी' पोर्टल में ऑनबोर्डिंग कराना अनिवार्य है। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी–कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए उन्हें आईगोट कर्मयोगी पोर्टल में ऑनबोर्डिंग कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अधिकारी–कर्मचारियों के वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में भी इसकी जानकारी अंकित की जाएगी।

बैठक में मिश्रा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय सिंह कंवर से मौजूदा शिक्षा सत्र से दल्लीराजहरा में प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को प्रयास आवासीय विद्यालय एवं छात्रवास के लिए चयनित भवन का समुचित रंगरोगन, साज–सज्जा तथा भवन में जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मिश्रा ने विभागवार जीएसटी रिटर्न के कार्य की भी समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने जिला मुख्यालय बालोद में सड़क चौड़ीकरण एवं हाईमास्ट लाईट लगाने आदि कार्य के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में मिश्रा ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुरसुनी में 23 अप्रैल को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जल संचय, जनभागीदारी अभियान 2.0 के कार्य के अंतर्गत जिले में निर्मित किए जा रहे जल संरचनाओं की जेएसजेबी पोर्टल में किए जा रहे एंट्री कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में चलाए जा रहे सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत रोपे गए पौधों की समुचित देखभाल हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने–अपने विभागों के अंतर्गत रोपे गए पौधों की देखभाल ▶▶| शेष पेज 02 पर

# एक साल में ही दबने लगी कंवर-दियाबाती सड़क, ग्रामीणों ने गुणवत्ता जांच की उठाई मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम कंवर से ग्राम दियाबाती के मध्य बनी डामर सड़क निर्माण के एक साल की अवधि मे ही दबने एवं फटने लगी है। सड़क की डामर भी उखड़ने लगा है। कार्य में विभाग द्वारा बरती गई लापरवाही से ग्रामीणो को कार्य के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी भी नही हो पा रही है।

■ पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण में लापरवाही, जगह–जगह फटी सड़क

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क निर्माण के एक साल मे ही दबने लगी है। सैकड़ो जगह सड़क में दरारे आ गई है कई दरार तो बीस पच्चीस फीट लंबी है, दरारो की संख्या व उसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ दरारो की चौड़ाई इतनी हो गई है कि दो पहिया वाहन के टायर उसमे फंसने लगे है।

विकासखण्ड के ग्राम दियाबाती से ग्राम कंवर के मध्य 7.50 किलोमीटर लंबी सड़क का कार्य 124.44 लाख की लागत से कराया गया हैं। बताया गया कि कार्य लगभग एक वर्श पूर्व कराया गया है, कार्य के संबंध में विभाग ने जो सूचना बोर्ड लगाया है वह अधूरा है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग द्वारा जानबूझकर पारदर्शिता नही रखी गई है एवं ग्रामीणो को गुमराह कर अधूरी जानकारी दी जा रही है, सूचना बोर्ड में स्पष्ट नही है कि कार्य कब प्रारंभ हुआ एवं कब खत्म हुआ। सूचना बोर्ड में यह भी स्पष्ट नही है कि कार्य में कितनी सामग्री, कितनी मात्र, कितनी मोटाई में लगेगी।

ग्रामीणो ने बताया कि डामरीकरण के पूर्व पुराने डामर को खरोचकर ही उसमे डामकरीकरण कर दिया गया है। बेस नही डाला गया है, अब तक पटरी में मुरूम नही डाला गया है, वही वर्शो से इस सड़क के किनारे की खरपतवार की सफाई नही की गई है।

ग्रामीण उक्त सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर कोर कटिंग कर लेबोरेटरी परीक्षण कराने एवं पूरी गुणवत्तापूर्ण सड़क के पुनः बनाने की मांग कर रहे है।

# बिरेतरा में नीर चेतना अभियान, जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम पंचायत बिरेतरा में नीर चेतना अभियान अन्तर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जनपद पंचायत गुण्डरदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान ग्राम के नागरिकों के बीच जल संरक्षण हेतु जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने का एक सफल प्रयास है। इस दौरान जय मां दुर्गा स्व–सहायता समूह द्वारा रंगोली बनाकर जल संचय और जल संरक्षण के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। जय मां बम्लेश्वरी स्व–सहायता समूह द्वारा जल संचय और जल संरक्षण के महत्व को समझाने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और व्यवहारिक समझ विकसित की गई। इसके साथ ही महिला समूह और ग्रामीणों द्वारा गांव के मोहल्ला में जल संरक्षण का प्रचार–प्रसार करने रैली आयोजित की गई। रैली के दौरान ग्रामीणों ने 'जल बचाओ' संदेश के साथ मानव श्रृंखला बनाकर सामूहिक प्रतिबद्धता दिखाई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य रीना डोमन देशमुख, एसडीओ जनपद पंचायत गुण्डरदेही, पीओ मनरेगा, तकनीकी सहायक, जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अधिकारी–कर्मचारी, सरपंच संघ के अध्यक्ष लेखराम साहू, ग्राम पंचायत बिरेतरा की सरपंच तारिणी देशमुख, पूर्व सरपंच योगेश देशमुख, सरपंच भाठागांव बी, सरपंच बोदल, सरपंच कुथरेल, उपसरपंच, पंच एवं स्व–सहायता समूह की दीदीयों एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जिले में 'ज्ञान भारतम' राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान शुरू, प्राचीन धरोहरों का होगा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत सरकार द्वारा संस्कृति मंत्रलय के अंतर्गत "ज्ञान भारतम्" राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण कार्य को एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय योजना के रूप में प्रारंभ किया गया है।

इस योजना का उद्देश्य देशभर के विद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों तथा निजी संग्रहों में सुरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों (हस्तलिखित ग्रंथों) का अन्वेषण, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण कर उन्हें व्यापक रूप से जनसुलभ बनाना है। यह पहल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने तथा भावी पीढ़ियों तक उसके ज्ञान को पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ज्ञान भारतम मिशन द्वारा प्रारंभ किया गया यह महत्वपूर्ण कार्य

■ ताड़ पत्र और दुर्लभ पाण्डुलिपियों की खोज में जुटी सर्वे टीम

■ प्राचीन ज्ञान को संरक्षित करने जिला प्रशासन की पहल

भारत के अमूल्य पाण्डुलिपि विरासत के संरक्षण, संवर्धन और दस्तावेजीकरण के लिए प्रारंभ की गई एक राष्ट्रीय पहल है। जिससे देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर विरासत को सुरक्षित रखा जा सके। उल्लेखनीय है कि इन पाण्डुलिपियों में हमारी सभ्यता का ज्ञान, परंपराए, विज्ञान, दर्शन और सांस्कृतिक स्मृतियां सुरक्षित है जिन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। बालोद जिले में इस कार्य की मूर्त रूप देने हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुरातत्व संघ का भी गठन किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी इसके नोडल एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

बालोद जिले में 09 अप्रैल से पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्रें के लिए ▶▶| शेष पेज 02 पर

## महिलाओं को संस्कारित बनाने प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक

# विहिप मातृशक्ति की जिला स्तरीय बैठक, प्रशिक्षण वर्ग को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति संगठन की जिला स्तरीय बैठक बालोद शहर के कलाकेंद्र भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 7 मई से 10 मई तक आयोजित होने वाले प्रांत स्तरीय मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

■ विहिप मातृशक्ति बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल

बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजिका शशि बंछोर, सेवा विभाग सह प्रमुख व जिला पालक अधिकारी सुश्री पूजा जैन तथा राजनांदगांव विभाग संयोजिका सत्या साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

प्रांत संयोजिका शशि बंछोर ने कहा कि मातृशक्ति से जुड़ी महिला बहनों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए प्रशिक्षण वर्ग अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में महिलाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। समाज की बहन–बेटियों को संस्कारित एवं धार्मिक शिक्षा देने के लिए ऐसे प्रशिक्षण वर्गों में सहभागिता जरूरी है। जिला पालक अधिकारी पूजा जैन ने संगठन के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रदेशभर में बाल संस्कार केंद्र एवं बाल संस्कार शालाओं के माध्यम से बच्चों को संस्कारवान बनाने और धार्मिक शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क सिलाई केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं। विहिप जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा कि बालोद जिले की महिला बहनें संगठन से जुड़कर सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मूलमंत्र के साथ उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले से बड़ी संख्या में महिलाएं प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेंगी। बैठक का संचालन विभाग संयोजिका सत्या साहू ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला मंत्री पोषण बनपेला, जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, ममता यदु, कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, सह मंत्री उमेश सेन, कैलाश साहू, प्रेम शुक्ला, विधि विभाग संयोजक सेवन साहू, सह संयोजिका संगीता शर्मा, जिला संयोजिका योगिता साहू, उषा साहू, भारती बांडेय, पुनीता मिश्रा, अन्नपूर्णा रवि श्रीवास्तव, दुर्गावाहिनी की दामिनी साहू, नगर अध्यक्ष तरुण राठी, किशन साहू, सुनील साहू, रघुनंदन गंगबोईर सहित मोखला मांझी मंदिर समिति की महिलाएं उपस्थित थे।

# समर्थन मूल्य पर धान उठाव में तेजी लाने कलेक्टर ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत जिले के सहकारी समितियों में शेष धान के तत्काल उठाव के संबंध में सहकारिता, खाद्य, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिले के सहकारी समितियों में उठाव हेतु शेष धानों का तत्काल उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सहकारी समितियों में भौतिक रूप से बिल्कुल भी धान उठाव हेतु शेष नही होना चाहिए।

बैठक में उन्होंने सहकारी समितियों में उठाव हेतु शेष रह गए धान की बारी–बारी से समीक्षा की। उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों को इसकी निरंतर मॉनिटरिंग कर सहकारी समितियों से शेष धान का शीघ्र उठाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### 35 पाव देशी मदिरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस दुर्ग ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नदी रोड स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के सामने एक व्यक्ति कपड़े के थैले में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 35 नग देशी मसाला मदिरा, कुल 6.300 बल्क लीटर शराब बरामद की गई। इसके साथ ही बिक्री की नगद रकम 300 रुपए भी जब्त की गई। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 3800 रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकुन्द सारथी, उम्र 30 वर्ष, निवासी मठपारा दुर्ग बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

### कुम्हारी में गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में कुम्हारी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजा बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुम्हारी के गौठान के पास एक युवक अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1.700 किलोग्राम गांजा और 12,500 रुपए नगद बरामद किए गए।

### सड़क किनारे मिली हाईवा चालक की लाश



**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरझाल में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर प्रशिक्षु डीएसपी दानेश्वर साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। मृतक की पहचान 40 वर्षीय असुर मरकाम के रूप में हुई है, जो पेशे से हाईवा चालक बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लोगों ने शड़क किनारे शव देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक असुर मरकाम शराब पीने का आदी था और अक्सर बिना बताए घर से कई दिनों के लिए बाहर चला जाता था। पहले भी कई बार 2-3 दिनों तक घर से गायब रह चुका था, जिसके चलते इस बार उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है।

**न्यायालय तहसीलदार, डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.)**
**-: उद्घोषणा :-**

क्रमांक/1084/प्र./तह. /2026
डौण्डी दिनांक 07/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि आवेदिका प्रमिला बाई साहू उर्फ परमिला बाई साहू जाति तेली, निवासी छिंदगांव, तहसील-डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के पति नंदकुमार साहू पिता छबिलाल साहू शा. पूर्व मा. शाला डुहकाटोला विकास खण्ड डौण्डी, तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) में शिक्षक (एल.बी.) के पद पर पदस्थ थे। जिनका सेवाकाल के दौरान दिनांक 13/03/2025 को मृत्यु हो गई है। जिनके एन.पी. एस. खाता नं. 110141499832 में नामिनी के रूप में प्रथम पत्नी स्व. मीना बाई साहू दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 07/06/2025 को हो चुकी है। तपश्चात् नंदकुमार साहू द्वारा सामाजिक रीति-रिवाज से दिनांक 15/11/2023 को प्रमिला बाई के साथ विवाह किया। विवाह उपरांत सेवा पुस्तिका में नामिनी के रूप में दुसरी पत्नी परमिला बाई साहू उर्फ प्रमिला बाई साहू दर्ज है। परन्तु एन.पी.एस. खाते में नामिनी परिवर्तन या संशोधन नहीं किया गया था। मृतक नंदकुमार साहू के मृत्यु उपरांत उनके नाम से एन.पी.एस. खाता नं. 110141499832 में संचित धन राशि उनके वैध उत्तराधिकारी प्रमिला बाई साहू उर्फ परमिला बाई साहू को देने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा वैध वारिसान प्रमाण पत्र की मांग की है। इसलिए आवेदिका वैध वारिसान प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 07/05/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 07/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
डौण्डी

## समानता, न्याय और बंधुत्व का संदेश देती है आंबेडकर जयंती

# दल्लीराजहरा में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम, विचारों को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

14 अप्रैल 2026 को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पूरे दल्लीराजहरा क्षेत्र में श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा का वातावरण देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और नागरिकों ने बाबासाहब के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में वक्ताओं ने कहा कि बाबासाहब का जीवन केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मसम्मान और मानवाधिकारों की एक जीवंत गाथा है। उन्होंने समाज के तिरस्कृत, शोषित और वंचित वर्गों को न केवल अधिकार दिलाने का कार्य किया, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ जीने की राह भी दिखाई। कार्यक्रम में हेमंत कांडे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबासाहब का पूरा जीवन अन्याय, अत्याचार और भेदभाव के विरुद्ध एक सशक्त आंदोलन रहा। उन्होंने हर समस्या का समाधान



संवैधानिक मार्ग से निकालने पर जोर दिया और यही उनकी सबसे बड़ी विशेषता रही। उनका चिंतन आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उस समय था। वक्ताओं ने बताया कि बाबासाहब का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे एक कुशल विधिवेत्ता, प्रख्यात अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, शिक्षाविद, लेखक और प्रभावशाली वक्ता थे। भारत का संविधान, महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, आर्थिक और सामाजिक सुधारों की दिशा में उनके प्रयास आज भी देश की प्रगति की आधारशिला बने हुए हैं। जयंती कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे समय में बाबासाहब के सिद्धांत स्वतंत्रता, समानता और न्याय ही देश को सही दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम में यह भी रेखांकित किया गया कि बाबासाहब ने समाज को यह सिखाया कि बिना संघर्ष के अधिकार नहीं मिलते और बिना संगठन के संघर्ष संभव नहीं है। उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में व्याप्त भेदभाव, असमानता और अन्याय को समाप्त किया जा सकता है। अंत में उपस्थित जनसमूह ने यह संकल्प लिया कि बाबासाहब के आदर्शों को केवल शब्दों तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें व्यवहार में उतारकर एक समतामूलक, सशक्त और समरस समाज के निर्माण में योगदान दिया जाएगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



### मंडल देवरी में चला स्वच्छता अभियान

**डौडीलोहारा।** देवरी मंडल के अंतर्गत बस स्टैंड मार्रीबंगला स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव के नेतृत्व में उपाध्यक्ष रामलाल नायक, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, युवा मोर्चा अध्यक्ष फनेश्वर साहू सरपंच संबलपुर, खुबलाल एवं कुंवर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर परिसर की सफाई की और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान आमजन से भी स्वच्छता बनाए रखने और अपने आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की गई।

# खैरीडीह प्राथमिक शाला में विदाई एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शिक्षा के पावन वातावरण में सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला खैरीडीह में एक विशेष आयोजन के साक्षी बनने का अवसर मिला, जहाँ पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों की विदाई के साथ-साथ नवोदय विद्यालय में चयनित मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह बड़े ही गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत से हुई। विद्यालय परिवार द्वारा उपस्थित अतिथियों जनपद सदस्य उत्तम यदु, सरपंच रामचरण मानकर, उपसरपंच टेमेश्वरी गोस्वामी, शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यगण एवं पालकगण का पुष्पगुच्छ एवं स्वागत वंदन के साथ अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर पांचवी कक्षा के बच्चों के लिए विदाई समारोह अत्यंत भावुक रहा। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रति अपनी यादों और भावनाओं को शब्दों में पिरोया। शिक्षकों ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान रहा। इन प्रतिभाशाली छात्रों को मंच पर बुलाकर शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए अन्य बच्चों को भी प्रेरणा लेने का संदेश दिया। जनपद सदस्य उत्तम यदु ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभा होती है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की होती है। वहीं सरपंच रामचरण मानकर ने शिक्षा को जीवन का आधार बताते हुए बच्चों को निरंतर मेहनत करने की सीख दी। उपसरपंच टेमेश्वरी गोस्वामी ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए एक यादगार क्षण बना, बल्कि पूरे ग्राम में शिक्षा के प्रति जागरूकता और उत्साह का संदेश भी प्रसारित कर गया।

# ट्रक से तीन मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बैठी गायों को कुचल दिया। इस घटना में तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गायें गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद इलाके में तनाव फैल गया और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध जताया। घटना उतई थाना क्षेत्र के आदर्श नगर बावापारा की है।

जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब 9.30 बजे पउवारा से उतई की ओर जा रहा ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 2489 ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठी गायों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि तीन गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन अन्य गायों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था लेकिन बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। ट्रक में लकड़ी लोड थी, जिसे जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया गया है। इस हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पाटन एसडीओपी अनुप लकड़ा और उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। करीब रात 11.30 बजे प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया और सड़क को यातायात के लिए खोल दिया गया।

## महिला आरक्षण को राजनीति से दूर रखने की जरूरतः अनिला भेड़िया

# महिला आरक्षण पर सियासत तेजः अनिला भेड़िया ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, त्वरित लागू करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

क्षेत्र में महिला आरक्षण को लेकर सियासी बहस एक बार फिर तेज हो गई है। डौंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया ने केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला आरक्षण जैसे गंभीर और संवेदनशील विषय को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारों के नाम पर देरी और भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है, जिससे महिलाओं की वास्तविक भागीदारी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण देश की आधी आबादी के सशक्तिकरण से जुड़ा मुद्दा है, लेकिन इसे लागू करने में अनावश्यक शर्तें जोड़कर प्रक्रिया को उलझाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को सर्वसम्मति से पारित किए जाने के बावजूद



इसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ना सरकार की स्पष्ट मंशा पर सवाल खड़ा करता है। अनिला भेड़िया ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार लगातार महिला आरक्षण का प्रचार कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसे लागू करने की दिशा में ठोस पहल नजर नहीं आ रही। उनका मानना है कि जातिगत जनगणना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भी इस विषय को लंबित रखा जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने चुनावी समय में विशेष सत्र बुलाने को भी राजनीतिक रणनीति बताया और कहा कि यदि सरकार गंभीर होती तो चुनाव के बाद सर्वदलीय बैठक कर इस विषय पर व्यापक चर्चा कर सकती थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिला आरक्षण को जल्दबाजी में नहीं बल्कि सभी पक्षों को साथ लेकर पारदर्शी तरीके से लागू किया जाना चाहिए।

परिसीमन प्रक्रिया पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल सीटों के पुनर्निर्धारण का मामला नहीं है, बल्कि इससे राज्यों के प्रतिनिधित्व, सामाजिक संतुलन और लोकतांत्रिक ढांचे पर दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। ऐसे में बिना व्यापक सहमति के कोई भी कदम उठाना उचित नहीं होगा।

इतिहास का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 1993 में पंचायत और नगरीय निकायों में महिला आरक्षण बिना किसी जटिल शर्त के लागू किया गया था, जिससे लाखों महिलाओं को राजनीतिक मंच मिला और उनकी भागीदारी बढ़ी। आज भी उसी स्पष्टता और इच्छाशक्ति की जरूरत है।

इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख रखते हुए उन्होंने मांग रखी कि 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए, सभी राजनीतिक दलों के साथ प्रस्ताव साझा किए जाएं और विधानसभा चुनावों के बाद ही इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए, ताकि निर्णय संतुलित और सर्वसम्मत हो सके।

समापन में उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कोई चुनावी नारा नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान भागीदारी का प्रश्न है। इसे राजनीतिक हथियार बनाने के बजाय देशहित में ठोस और ईमानदार कदम उठाने की आवश्यकता है।

# अरमरीकला स्कूल में शिक्षक सम्मान और पूर्व छात्र मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरमरीकला में भव्य रूप से शिक्षक सम्मान एवं पूर्व छात्रें का मिलन समारोह मनाया गया। सत्र 2001 से 2008 तक के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। अरमरीकला स्कूल के इतिहास में ऐसा आयोजन पहली बार हुआ।

- पूर्व विद्यार्थियों ने गुरुजनों का किया सम्मान
- सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रीति भोज के साथ सम्पन्न हुआ समारोह
- 20 वर्षों बाद भावुक हुए विद्यार्थी-शिक्षक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरमरीकला प्रांगण में वर्ष 2001 से 2008 के छात्र छात्रओं द्वारा पूर्व में पढ़ाये शिक्षकगणों एवं वर्तमान में अध्यापनरत शिक्षकों के साथ शाला विकास समिति के वर्तमान अध्यक्ष, सदस्य तथा अरमरीकला के गणमान्य नागरिकों का भव्य रूप से स्वागत एवं सम्मान किया गया।

अरमरीकला के स्कूल के इतिहास में इस प्रकार का आयोजन पूर्व में नही हुआ था। पूर्व विद्यार्थियों के द्वारा करीबन 02 वर्षों से इस आयोजन पर विचार किया जा रहा था, किन्तु इस वर्ष इस आयोजन को मूर्त रूप दिया जा सका। इस कार्यक्रम में आमंत्रित शिक्षकगणों में पूर्व प्राचार्य एफ.आर. कोसरिया, चन्द्रहास वैका, बसंत कुमार सोनी, व्याख्याता संस्कृत कल्याण सिंह गेण्डरे, अंग्रेजी शिक्षक अरूण कुमार साहू, विज्ञान शिक्षक चन्द्रभान सिंह सिन्हा, गणित शिक्षक पोषण लाल निर्मलकर, हेमन्त निर्मलकर, वाणिज्य शिक्षक एलआर. मगर, नरेन्द्र कुमार साहू, रासायण शिक्षक नेतराम साहू, कम्प्यूटर शिक्षक लाला राम साहू, स्काउट गाईड शिक्षक आई.पी. साहू तथा अध्यापिका उषा सिन्हा तथा वर्तमान प्राचार्य पूरण लाल साहू, जनप्रतिनिधि में जनपद सदस्य नरेश साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पुरूषोत्तम गंगबेर, सदस्य हीरामन देवांगन, वरिष्ठ नागरिक मांगी लाल चांडक, वर्तमान शिक्षक व्याख्याता जीआर. साहू, एनके. साहू का पुष्प गुच्छ, श्रीफल, पौधा, प्रतीक चिन्ह एवं साल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सत्र 2004 के विद्यार्थियों का विषेश सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रमुखता से बढ़ चढ़ कर योगदान देने वाले विद्यार्थियों में मदन साहू, कुलेश्वर साहू, उमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, झन्नू साहू, देवप्रभा साहू, योगेश साहू, भोजेश्वर साहू, प्रेमलता साहू, दीपेश साहू, अश्वनी साहू, टीकम जैन, बेनीराम साहू, ललित यादव, ढालसिंह साहू, जशवंत सार्वा, संजू साहू, राकेश साहू, कमल नारायण साहू एवं छगन लाल साहू का विशेष योगदान रहा।

मां सरस्वती पूजा एवं वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, उसके पश्चात अरमरीकला विद्यालय के विद्याथएँ रहे, शहीद डोमेश्वर साहू को याद करते हुए उनके फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। शिक्षकों एवं अतिथियों का सम्मान पश्चात शिक्षकगणों एवं अतिथियों द्वारा मंच के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया गया। इसी बीच लोक गायक संजू साहू एवं टीम के द्वारा मधुर संगीत के साथ नृत्य की प्रस्तुती दिया गया। आयोजन समिति द्वारा मध्यान्ह में प्रीति भोज की भी व्यवस्था रखा गया था। इस मिलन समारोह में सभी शिक्षकगण एवं छात्र छात्रएं करीबन 20 से 22 वर्षों के पश्चात मिले जो एक दूसरे के मिलकर भाव विभोर हो गये। इस विद्यालय में यह आयोजन अपने आप में अनुठा एवं अद्वितीय है।

इस कार्यक्रम का संचालन कुलेश्वर साहू, देवप्रभा साहू, रूपमती साहू एवं मदन साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मदन साहू एवं छगन लाल साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षकों, अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा किया गया।

# जनगणना में संस्कृत को भाषा दर्ज करने की पुरोहित संघ की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ गुण्डरदेही जिला बालोद के प्रमुख भोला दास वैष्णव ने अपील करते हुए कहा कि देश और प्रदेश के सनातनी समाज से आगामी जनगणना में संस्कृत भाषा को अपनी जानकारी में आवश्यक रूप से शामिल करने की अपील की है, संघ ने चिंता व्यक्त की है यदि संस्कृत को बोलने वाले या जानने वाली भाषा के रूप में दर्ज नहीं कराया तो यह गौरवशाली भाषा विलुप्त घोषित हो सकती है जिससे इसके विकास के लिए मिलने वाली सरकारी सहायता बंद हो जाएगी।



संघ कार्यालय प्रमुख मोनू दुबे ने कहा हम बोलचाल में संस्कृत का पूर्ण उपयोग नहीं करते लेकिन प्रतिदिन की प्रार्थना, जप तप, श्लोक स्तुति और धार्मिक अनुष्ठानों में संस्कृत का ही उपयोग होता है, ऐसे में जब जनगणना अधिकारी मातृभाषा के बाद अन्य ज्ञात भाषाओं की जानकारी मांगे तो संस्कृत का नाम अवश्य जुड़वाएं क्योंकि पिछली जनगणना के अनुसार देश में संस्कृत बोलने वालों की संख्या मात्र 2000 के करीब थी जो की अरबी और फारसी बोलने वालों से भी काफी कम है, उन्होंने सचेत करते हुए कहा है कि यदि संस्कृत को लुप्त भाषा घोषित कर दिया तो हमारे प्राचीन वेदों पुराणों और धर्म ग्रंथो का प्रकाशन और उनका शोध कार्य बंद हो सकते हैं यह हमारे जड़े संस्कृत से जुड़ी है इसे केवल मंदिर की घंटी बजाने तक सीमित न रखें। 'ऑनलाइन पाठ शाला से जुड़ने का आहान' संघ के देव कुमार निर्वाणी ने बताया कि संस्कृति को जीवित रखने के लिए ऑनलाइन पाठशालाएं भी शुरू की जा चुकी है, उन्होंने कहा केवल जन जागरूकता से ही इस सभी भाषाओं की जननी को बचाया जा सकता है, पुजारी पुरोहित संघ में इसे युद्ध स्तर पर चलने का अभियान बताते हुए सभी से सहयोग मांगा है।

### ये रहे उपस्थित

संस्कृत बचाओ अभियान को सफल बनाने के अपील करने वाले में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी निखिल वैष्णव, जिला मंडेश्वर राज दुबे, शिवेंद्र वैष्णव, विवेक त्रिपाठी, जिला के पुजारी संघ के जिला अध्यक्ष भोला वैष्णव, जिला प्रभारी जागेश्वर वैष्णव, उपाध्यक्ष आदित्य दुबे, लोकेश दुबे, विष्णु दास, गुलाब दास, संजय बैरागी, जिला अध्यक्ष दिल्ली वैष्णव, युगल किशोर वैष्णव, लोसिक शर्मा, अरुण गुप्ता, अनिल नागवंशी, मनोज निर्वाणी, ज्ञानेश गुप्ता, कनक पाल, सतीश तिवारी, सुरेंद्र महाराज, जागेश्वर वैष्णव, चक्रधर पांडे एवं भूलेश्वर प्रसाद उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### कलेक्टर ने ...

की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से जिले में बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे उपायों तथा इनकी समुचित प्रचार-प्रसार के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को अक्षय तृतीया के आगमन को देखते हुए आम जनता को बाल विवाह की दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान करने हेतु समुचित प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश भी दिए।

### जिले में 'ज्ञान भारतम' ...

ग्राम पंचायत सचिवों एवं शहरी क्षेत्रें के लिए वार्ड मुहर्रिरों को सर्वेयर नियुक्त किया गया है। सर्वे का संपूर्ण कार्य 'ज्ञान भारतम' मोबाईल एप्प के माध्यम से किया जाएगा। इस कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु इस अभियान में शामिल सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। इस कार्य के अंतर्गत सर्वे कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा ताड़ पत्र, दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथ, पाण्डुलिपियों तथा अन्य प्राचीन दस्तावेजों का चिन्हांकन एवं सूचीकरण किया जाएगा। सर्वे टीम के द्वारा जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों, शासकीय पुस्तकालयों, संग्रहालयों, शिक्षण एवं शोध संस्थानों, संस्कृत पाठ शालाएं, मठ, मंदिर, आश्रम, गुरूकुल एवं जिले में स्थित ट्रस्टों के अलावा संग्रह कर्ताओं, पुरोहितों, धर्माचार्यों, ज्योतिषाचार्यों, आयुर्वेदाचार्यों के साथ-साथ संस्कृत विद्वानों से संपर्क स्थापित कर पाण्डुलिपि का संग्रहण एवं दस्तावेजीकरण किया जाएगा। बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के किसी भी व्यक्ति के पास प्राचीन पाण्डुलिपि, ताड़ पत्र या हस्तलिपि ग्रंथ उपलब्ध होने पर इसकी जानकारी तत्काल संबंधित जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकाय में देने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जिले के पुरातत्व विदों एवं आम नागरिकों से ज्ञान भारतम् पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य के इस राष्ट्रीयव्यापी अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** बाईक से जा रहे व्यक्ति को सामने से आ रही बाईक ने ठोकर मार दी। जहां ठीक होने के बाद पीड़ित व्यक्ति ने बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र. 14, नगर अर्जुन्दा निवासी अभिषेक गांधी पिता सम्पतलाल गांधी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने दुपहिया वाहन सीजी 07 बीजे 5238 28 जनवरी 2026 को गुण्डरदेही से अर्जुन्दा की तरफ आ रहा था, तभी विपरीत दिशा से आने वाले दुपहिया वाहन सीजी 24 एफ 8016 का चालक तेज गति से लहराते हुए मेरे उपर गाड़ी चढ़ा दिया। जिससे मुझे गंभीर चोंट आया और मैं घटना स्थल चिचलगोंदी पुलिया के आगे रोड पर बेहोश हो गया। उसी दिन मुझे अस्पताल में भतएँ करवाया गया जहां 10 दिन आई.सी.यू. में रखा गया उसके बाद जर्नल वार्ड में रखा गया। पूरी तरह ठीक होने में मुझे तकरीबन 1 माह लगा और मेरा पाँच ऑपरेशन हुआ हाथ, दांत, चेहरे, चेहरे के उपर करीब पांच आपरेशन हुआ।

### पौधरोपण के लिए गड्ढा खोदने दी ड्रीलिंग मशीन

**उतई।** जनपद पंचायत दुर्ग के सभापति गोपाल यादव ने डुन्डेरा में पौधरोपण करने वाले हितवा संगवारी संस्था के युवाओं को गड्ढा खोदने के लिए ड्रीलिंग मशीन प्रदान की। उन्होंने आज डुन्डेरा नर्सरी पहुंचकर उक्त ड्रीलिंग मशीन की पूजा अर्चना कर इसे पौधरोपण कार्य के लिए समर्पित किया। साथ ही मशीन से खोदे गए पहले गड्ढे में उन्होंने खुद हितवा संगवारी संस्था के युवाओं के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान संस्था के रोमशंकर यादव, राजेश चंद्राकर, हरीश साहू, प्रेम नारायण वर्मा , गुलशन कुमार देशमुख, राजकुमार सारथी, टिकेश्वर सार्वा, भरत चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण संरक्षण कार्य से जुड़े ग्रामीण मौजूद थे।

### पाटन में संत शिरोमणि सेन जयंती आज

**सेलूद।** पाटन में सर्व सेन समाज पाटन ब्लॉक के तत्वावधान में 14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती मनाई जाएगी। यह आयोजन पाटन के इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें महिलाएं एवं समाज के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। समाज के अध्यक्ष नरेश सेन ने संयुक्त रूप से समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जनसमस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं से की चर्चा

**सेलूद।** झीट क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पर ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य एवं जोशीला स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य अंशु तुलसी रजक सहित ग्राम पंचायत झीट के उपसरपंच देवेंद्र बिट्टू पटेल, पूर्व उपसरपंच विष्णु पटेल,जनक पाल एवं सोनू वैष्णव सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## लोचा : वायरल फोटो से खुला सरपंच संघ बैठक का मामला

# जिला पंचायत सभाकक्ष में सरपंच संघ की बैठक संवैधानिक मर्यादा के उल्लंघन पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला सरपंच संघ की बैठक हुई। बैठक के दौरान सारे सवैधानिक मर्यादाओ का उल्लंघन करते हुए सरपंच संघ पदाधिकारियो ने जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सीईओ की कुर्सी पर बैठकर सरपंच संघ की बैठक की। यहां तक कि बैठक के दौरान पीछे जिला पंचायत सभाकक्ष लिखा हुए स्पष्ट दिख रहा है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे जिला पंचायत की बैठक चल रही है। मामले में अब कोई भी जिम्मेदार चर्चा से बच रहे है।

**सोशल मिडिया में तेजी से वायरल मामला :** सोमवार को एक फोटो सोशल मिडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। उस फोटो में स्पष्ट दिख रहा है कि जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत की बैठक हो रही है, मामले में लोगों का दिमाग तब ठनका जब देखा कि जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर एक पुरुष बैठा है, चूंकि जिला पंचायत में अध्यक्ष महिला है। तब लोगों ने फोटो की सच्चाई जानने का प्रयास किया। तब पता चला कि उक्त बैठक जिला पंचायत की नही है। उक्त बैठक जिला सरपंच संघ की है। सोमवार को ही जिला सरपंच संघ की पहली बैठक हुई थी। उक्त बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में ही हुई थी। जहां सारे मर्यादाओ को तोड़ते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सीईओ की कुर्सी पर बैठकर जिला सरपंच संघ के पदाधिकारियो ने बैठक की थी। जिला पंचायत एक सवैधानिक संस्था है। जबकि सरपंच संघ सरपंचो का एक संगठन है। ऐसे में एक सवैधानिक संस्था के सभाकक्ष में किसी संगठन की बैठक की अनुमति कैसे व किसने दी यह बड़ा सवाल है जो अब तक अनुत्तरित है। मामले में जिला पंचायत सीईओ सुनील चन्द्रवंशी से लगातार चर्चा का प्रयास किया गया। लेकिन उनसे चर्चा नही हो सकी।

**जांच की मांग:** जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा महिला आरक्षण की बात चल रही है और यहां महिला पदाधिकारियो को अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सभाकक्ष का उपयोग एवं सभाकक्ष में अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सीईओ की कुर्सी का उपयोग करने की अनुमति देने वालो के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए। संवैधानिक संस्थाओ की मर्यादाओ का ध्यान प्रशासन को रखना चाहिए।

### सीईओ की कुर्सी पर बैठना गलत

जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा सभाकक्ष में सक्षम अधिकारी की अनुमति से बैठक लिया जा सकता है। लेकिन बैठक के दौरान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीईओ की कुर्सी पर बैठना गलत है ऐसा कार्य अक्षम्य है।

- **जिला पंचायत उपाध्यक्ष,** तोमन साहू

### किसी दुर्भावना से कुर्सी का उपयोग नही किया

जिला सरपंच संघ अध्यक्ष कांतीभूशाण ने कहा संघ की बैठक थी जिसे सभाकक्ष में आयोजित किया गया था। किसी दुर्भावना से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीईओ की कुर्सी का उपयोग नही किया गया है। यह परिस्थिति जन्य हो गया।

- **जिला सरपंच** संघ अध्यक्ष कांतीभूशाण

## प्रधानपाठक मंडावी ने जन्मदिन पर विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला आलीवारा में प्रधान पाठक पृथ्वीपाल सिंह मंडावी का जन्मदिन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा और सभी ने मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य एस. के. साहू, संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया, प्रधान पाठक बलराम सिंह सोनकर तथा शिक्षिका परमेश्वरी साहू ने शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर मंडावी को जन्मदिन की बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विशेष न्योता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक मंडावी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्नेह और सम्मान उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

## आनंदपुर में गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया



**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम आनंदपुर में गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया गया। जिसमें पुर्व विधायक प्रीतम साहू, टुकेशवर पांडे, पिछड़ा वर्ग महामंत्री संजय साहू, राकेश सिन्हा, महामंत्री सरपंच तेजराम साहू, रुपाराम भुपेंद्र साहू, ढालेनद्र साहू, बुथअध्यक्ष साखी, गोपाल, बोधन ठाकुर उपस्थित थे।

## सहगांव स्कूल में पांचवी और आठवी के बच्चों को दी विदाई



**डौण्डीलोहारा।** शा. प्रा. व माध्यमिक शाला सहगांव में कक्षा पांचवी व आठवीं के बच्चों को ससम्मान बिदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की पूजा अर्चना के साथ हुआ।

सरपंच भूषण लाल देवांगन ने बच्चों को अनुशासन का पालन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं प्रेषित की। शिक्षाविद गोविन्द सिंह चुरेन्द्र ने कहा कि जो बच्चे अपने माता- पिता और गुरुजनों की आज्ञा में रहकर कार्य करता है वह जीवन में कभी धोखा नहीं खाता। उपाध्यक्ष प्रेम लाल निषाद ने असफलता को एक चुनौती की तरह स्वीकार कर संघर्ष करने की प्रेरणा दी। स्टॉफ के सभी गुरुजनों ने पढ़-लिखकर अच्छा इंसान बनने की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रधान पाठक के.एल. चुरेन्द्र, विजय कुमार पटेल, होमलाल पटेल, प्रीति चौहान, केशर अलेन्द्र, गिरीश कुमार निर्मोही, साधना देशमुख, जोहन लाल तारम, कृपाल पिस्दा, मालेश्वरी भुआर्य, हीरा बाई गोटे, सविता टेमार्य, देविका देवांगन,रुनीता पिस्दा, भागवत तारम, सुरेखा यामले, दुलौरीन सहारा, लीला यादव उपस्थित थे। कक्षा पांचवी ,आठवीं के बच्चों ने विद्यालय को गिलास सेट व कारपेट भेंट की। कार्यक्रम का संचालन गीतांजली व रीना ने की।

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक, बूथ एवं पंचायत कमेटी का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संगठन सृजन अभियान के तहत संगठनात्मक पूर्णता व संगठन की मजबूती के लिए गुरूर ब्लॉक अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू के उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष नंदकुमार साहू के मार्गदर्शन में सेक्टर अध्यक्ष केशू राम साहू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम अकलवारा बूथ में बैठक आहूत की गई थी जिसमें ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें बूथ न.1 अध्यक्ष विजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष तामेश्वर दास, कोषाध्यक भूपेश साहू, महामंत्री तोषक निषाद, तरुण कुमार, सचिव कमलेश्वर भोंसले, जागृत दास, सो. मी. समन्वय शुभम कुमार, कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन साहू, इंदल साहू, मदन साहू, राधिका साहू, खेमिन साहू, बीएलए नंदकुमार साहू, पंचायत स्तरीय अध्यक्ष सेवक राम कलिहारी को नियुक्त किया गया। ये रहे उपस्थित इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नंदकुमार साहू, सेक्टर अध्यक्ष केसु राम साहू, कुसुम सोरी, भुनेश्वरी साहू, भोज साहू, केश कुमार, गोदावरी मानिकपुरी, धर्मेंद्र साहू, कीर्तन यादव, जागेश्वर साहू, पोषण निषाद सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कन्या महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ छात्राओं को रोजगार से जोड़ने कार्यक्रम

भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कलेन्द्री रावटे के मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास योजना के अंतर्गत शिव शक्ति एजुकेशन डेव्हलपमेंट एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी बालोद, जिला बालोद के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक डॉ. विजय क्षत्री थे।

उन्होंने कौशल विकास योजना के संबंध में बताते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को व्यावहारिक और रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह कार्यक्रम प्रशिक्षण और प्रमाणन के माध्यम से देश के छात्रओं को सशक्त बनाने पर केद्रिरत है। यह अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण है। जिसके अंतर्गत गुणवत्ता पूर्ण पाठ्यक्रम सम्मिलित है। इस योजना के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, असिटेंट इले्ट्रिरशयन, सोलर पैनल लगाने, सुरक्षा जवान, बैकिंग टेक्निशियन के प्रशिक्षण के संबंध में रोचक और विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। यह संबंधित प्रशिक्षण की समयावधि दो माह से छः माह तक होती है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होता है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात 8 से 15 हजार तक मासिक वेतन पर सेवा पर रखा जाता है।

तत्पश्चात छात्रओं के प्रश्नों का तर्कपूर्ण समाधान किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रो. धीवराज कुमार भोयर ने किया। कार्यक्रम में प्रो. तरूण कुमार, डॉ. अमित कुमार सिंह, विनोद कुमार साहू, अ.व्या., डॉ. श्रेष्ठा शुक्ला, जिज्ञासा पटेल, वर्षा साहू, त्रिवेणी सेन एवं समस्त छात्रएँ उपस्थित थे।

**गांव चलो-बस्ती चलो अभियान**

## मोखा शक्ति केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



प्रदेश के आह्वान पर गांव चलो बस्ती चलो भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम के तहत शक्ति केंद्र मोखा गुरुर में गांव का भ्रमण किया गया।

जिसमें भारतीय जनता पार्टी शासन के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजनासम्मान निधि योजना, विभिन्न योजनाओं की जानकारी लाभान्वित परिवारों से मुलाकात करके योजनाओं की जानकारी दिया गया। जिसमें रोहित कुमार नेताम, प्रभारी श्यामलाल गजेंद्र, मण्डल कार्यकारिणी सदस्य गुरुर व मन की बात सह प्रभारी जिला बालोद रामस्वरूप सिन्हा, युवा मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष पंचराम निषाद, बुथ अध्यक्ष पुरुषोत्तम कलिहारी, राजेंद्र गंजीर, काशीराम कलिहारी, बलराम राम गजेंद्र, युगल किशोर साहू, राधे लाल यादव, कचरू राम साहू, महेश्वर कटेन्द्र, कमलेश गंजीर, कामता प्रसाद सिन्हा, महेश यादव, खम्हन निषाद, संजय गंजीर की उपस्थिति में मां भारती की पूजन– अर्चना कर उक्त कार्यक्रम संपादित किया गया।

## गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत ओटेबन्द में भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ओटेबन्द मंडल अंतर्गत ग्राम ओटेबन्द में आयोजित गांव चलो बस्ती चलो कार्यक्रम के अंतर्गत आज के आयोजन में मुख्य रूप से कार्यक्रम के अतिथि जनपद पंचायत के सम्माननीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकार व भाजपा मंडल के अध्यक्ष कुलदीप साहू ने कार्यक्रम संबोधित करते हुवे सरकार की उपलब्धियों व जनहित के कार्यकलापों का विवरण दिया दिया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ग्राम ओटेबन्द के बूथ कमेटी की बैठक हुआ। जिसमें अपना बूथ सबसे मजबूत के संदर्भ में विचार गोष्ठी हुवा एवं बूथ बैठक में उपस्थित भाजपा के कर्णधार व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं देवधर साहू, रामलाल निर्मलकर, रमेश सेन, टेकराम साहू, नेहरू विश्वकर्मा, शम्भु कोसरे,हेमंत साहू,ईश्वरी विश्वकर्मा व अन्य भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। साथ ही साथ केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाले योजनाओं के लाभार्थियों जिसमें प्रमुख रूप से घसनिन निर्मलकर, हीरालाल विश्वकर्मा, विष्णु यादव, मिलन यादव, टेकराम साहू, कौशल्या देशमुख,नीलेश्वर निर्मलकर, पुखराज निर्मलकर से मिलकर मोदी सरकार एवं प्रदेश की साय सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे की महतारी वंदन प्रधानमंत्री आवास उज्ज्वला योजना किसान सम्मान भूमिहीन मजदूर योजना इत्यादि योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।

इस अवसर पर ग्राम के सरपंच जीवनलाल साहू, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष उत्तम साहू, अनूप साहू, डेमन देशमुख, अगेश यादव दुजराम साहू, नरेंद्र साहू, मनोज यादव, रमेश चन्द्राकर, राजु बंजारे, टिकेश सेन व ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गईं आम नागरिकों की समस्याएं



**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर की मंजुलता ने भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ दिलाने, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनेली के तोरण लाल एवं डोटोपार की प्रेमवती ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पिरीद के चिनेश्वरी ने जॉब कार्ड बनाने, मर्रामखेड़ा के दुर्गेश्वरी ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से बारी–बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुंचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कल

**सेलूद।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबा फुले व नकुल देव ढीढ़ी का जयंती व सम्मान समारोह 15 अप्रैल को शाम 4 बजे से फुण्डा में सतनामी आसरा, पाटन एवं ग्रामवासी फुण्डा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन, अध्यक्षता डॉ भूपेन्द्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग, विशेष अतिथि विनोद कोसले संविधान विशेषज्ञ, देवेंद्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य, आंनद बघेल जनपद सदस्य व कुलेश्वर रोशन वर्मा सरपंच होंगे।







## पड़ोसी की गाली-गलौज और धमकी से परेशान युवक ने दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जान से मारने की दी धमकी

पड़ोसी के गाली गलौज से तंग आकर व्यक्ति ने अपने पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिर्पोअ दर्ज कर ली है।

ग्राम जेवरतला निवासी कुलदीप सार्वा पिता किशन लाल सार्वा 24 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरे पड़ोस का धनसाय साहू पिता लखन लाल के द्वारा मुझे देखकर अपने घर के पास में खड़े होकर मुझे सुनाते हुए पुरानी परिवारिक बात को लेकर व रंजिश रखकर जबरन मुझे व मेरे परिवार वालों को गाली गलौज दिया है, इसके पूर्व में भी धनसाय के द्वारा जबरन आये दिन मेरी माता गामिनी बाई एवं



मुझे भी कई बार जबरन विवाद कर लडाई झगडा करने की फिराक में रहता है। उसे समझाने पर अपने घर अंदर घुस जाता है, इस प्रकार से उसके इस प्रकार के हरकत करने एवं गाली गलौज करने से मुझे व मेरे परिवार वालों को सुनने में बहुत बुरा लगा है एवं जान से मार देने की धमकी चमकी देने पर मैं व मेरे परिवार वाले लोग बहुत डर गये हैं।

